हिमाचल प्रदेश तेरहवीं विधान सभा

(चौदहवां सत्र)

लिखित उत्तर हेतु प्रश्न

मंगलवार, 8 मार्च, 2022/17 फाल्गुन, 1943 (शक्)

[मुख्य मन्त्री - शहरी विकास मन्त्री - तकनीकी शिक्षा मन्त्री - उद्योग मन्त्री - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री तथा वन मन्त्री].

कुल प्रश्न - 21

भवन निर्माण कार्य

2007 श्री रोहित ठाकुर (जुब्बल-कोटखाई):

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि जुब्बल-कोटखाई विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बागी, रामनगर, देवरी-खनेटी व बखौल में भवन निर्माण कार्य प्रगति पर है; यदि हां, तो इन भवनों का निर्माण कार्य कब आरम्भ किया गया; इन पर कितनी धनराशि व्यय की गई; इन कार्यों की अद्यतन स्थिति क्या है; संस्थानवार ब्यौरा दें?

गुड़िया हेल्पलाइन

2008 श्री रोहित ठाकुर (जुब्बल-कोटखाई):

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में गुड़िया हेल्पलाइन कब व किस उद्देश्य से प्रारम्भ की गई थी; गत 3 वर्षों में दिनांक 01.02.2022 तक इस हेल्पलाइन पर कितनी शिकायतें दर्ज हुई हैं तथा उन पर क्या कार्रवाई हुई; ब्यौरा दें?

ठियोग-खड़ापत्थर-हाटकोटी सड़क

2009 श्री रोहित ठाकुर (जुब्बल-कोटखाई):

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि ठियोग-खड़ापत्थर-हाटकोटी सड़क में

कितने पुलों का निर्माण कार्य शेष है; इन कार्यों को कब तक पूर्ण कर दिया जाएगा?

आवास आबंटन

2010 **श्री जगत सिंह नेगी (किन्नौर)**:

क्या **शहरी विकास मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) शिमला शहर में कितने लोग बेघर हैं; अब तक कितने बेघरों को विभिन्न आवास योजनाओं के अन्तर्गत आवास आबंटित किए गए हैं; और

(ख) गत 3 वर्षों में दिनांक 01.02.2022 तक शिमला शहर में विभिन्न आवास योजनाओं के अन्तर्गत कितनी धनराशि उपलब्ध थी व कितने आवास बनाकर कितने बेघरों को दिए गए; ब्यौरा वर्षवार, लाभार्थियों के नाम व पते सहित दें?

जहरीली शराब

2011 **श्री जगत सिंह नेगी (किन्नौर)**:

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) गत वर्ष दिनांक 01.02.2022 तक जहरीली शराब से प्रदेश में कितने लोगों की मृत्यु हुई; क्या यह ज़हरीली शराब ठेकों से खरीदी गई थी;

(ख) शराब में कौन से विषैले तत्व मिलाए गए थे; अब तक कितने लोगों को इस ज़हरीली शराब का कारोबार करने पर पकड़ा गया है; और

(ग) इस जहरीली शराब को बनाने वाले लोग पकड़े भी गए हैं; यदि हां, तो यह जहरीली शराब कहां बनाई जाती थी, इसमें कौन-कौन से विषैले तत्व मिलाते थे, कौन से ब्राण्ड की शराब बनाते थे; क्या यह शराब ठेकों के मार्फत बेची जाती थी; यदि नहीं, तो इस शराब को किस रूप से बेचा जाता था; ब्यौरा दें?

गैर-सरकारी संगठन

2012 **श्री जगत सिंह नेगी (किन्नौर)**:

क्या **शहरी विकास मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) ज़िला किन्नौर में ज़िला व खण्ड स्तर के कुल कितने NGO's हैं; इनके नाम, कार्यकारिणी के सदस्यों के नाम व गत 3 वर्षों में दिनांक 01.02.2022 तक इनके द्वारा किए गए कार्यों का ब्यौरा दें;

(ख) इस अवधि में NGO's को सरकार से कितनी धनराशि अनुदान के रूप में प्राप्त हुई;

ब्यौरा नाम व धनराशि सहित वर्षवार दें; और

(ग) गत 3 वर्षों में कितने NGO's का ऑडिट किया गया है?

पदपूर्ति

2013 **श्री संजय अवस्थी (अर्की):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) यह सत्य है कि नागरिक अस्पताल अर्की में स्त्री रोग, हड्डी रोग विशेषज्ञ व रेडियोलॉजिस्ट के पद रिक्त हैं; और

(ख) यदि हां, तो सरकार इन रिक्त पदों को कब तक भरने का विचार रखती है; ब्यौरा दें?

बस अड्डा निर्माण

2014 **श्री संजय अवस्थी (अर्की):**

क्या **उद्योग मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि दाड़लाघाट में प्रस्तावित बस अड्डे के निर्माण हेतु भूमि का चयन कर लिया गया है; यदि हां, तो इसका निर्माण कार्य कब तक आरम्भ कर दिया जाएगा?

अर्की बस अड्डा

2015 **श्री संजय अवस्थी (अर्की):**

क्या **उद्योग मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि अर्की बस अड्डे की हालत दयनीय है; यदि हां, तो इसकी मरम्मत कब तक कर दी जाएगी; ब्यौरा दें?

स्वास्थ्य केन्द्रों का ब्यौरा

2016 **श्री बलबीर सिंह वर्मा(चौपाल) :**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) चौपाल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत आयुष विभाग में कितने स्वास्थ्य केन्द्र व उप-केन्द्र हैं; स्थानवार ब्यौरा दें;

(ख) इन स्वास्थ्य केन्द्रों के भवनों के निर्माण हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत व व्यय हुई तथा कितनी शेष है; ब्यौरा दें; और

(ग) आयुष विभाग में कितने कर्मचारी कार्यरत हैं तथा वर्तमान में विभिन्न श्रेणियों के कितने पद रिक्त हैं; ब्यौरा दें ?

पदपूर्ति

2017 **श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल):**

क्या **उद्योग मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) चौपाल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत नेरवा बस डिपो में चालकों व परिचालकों के कितने पद स्वीकृत हैं, उनमें से कितने पद रिक्त पड़े हैं; सरकार इन रिक्त पदों को कब तक भरने का विचार रखती है; ब्यौरा दें; और

(ख) सरकार कब तक इस डिपो में आर0एम0 का पद भरने का विचार रखती है; ब्यौरा दें?

हर्बल गार्डन

2018 **श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहड़ू):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) रोहड़ू विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत डूमरेरा (चिड़गांव) में हर्बल गार्डन कब स्थापित किया गया था तथा गत 3 वर्षों में कौन-कौन इसके प्रभारी रहे; नाम सहित ब्यौरा दें; और

(ख) हर्बल गार्डन को खोलने से यहां के स्थानीय लोगों को क्या लाभ हुआ; ब्यौरा दें?

स्थायी न्यायालय

2019 **श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहड़ू):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) प्रदेश में जिला व सत्र न्यायाधीश व अतिरिक्त जिला व सत्र न्यायाधीश न्यायालय कितने हैं व कितने ऐसे हैं जहां पर जिला व सत्र न्यायाधीश के न्यायालय नहीं हैं; और

(ख) क्या सरकार रोहड़ू में स्थायी जिला व अतिरिक्त सत्र न्यायालय खोलने का विचार रखती है; ब्यौरा दें?

कुलाड़ा विश्राम गृह

2020 **श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहडू):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) रोहडू विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत लोक निर्माण विभाग के कुलाड़ा विश्राम गृह के निर्माण हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत की गई थी तथा कितनी व्यय की गई व कितनी शेष है; और

(ख) शिशारा पुल के निर्माण हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत की गई थी तथा कितनी व्यय की गई व कितनी शेष है?

Crime Graph

2021 **Sh. Rakesh Singha (Theog):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state :-

(a) during the last 3 years upto 01.02.2022, what is the comparative analysis of the crime graph; provide deeper analysis in respect to murder, rape, molestation, SC/ST Atrocities Act, drug trafficking and drug use, cyber crime, cheating farmers by not providing them the money for goods sold and theft; how many have gone untraced and how many of these have been put up in the Court and how many of them acquittal has been ordered;

(b) what is the criteria for the deployment of the police force, is population, crime rate, traffic load, difficult mountainous terrain,VIP duty taken into consideration; and

(c) given the concrete present situation; is it not necessary to make additional recruitment of police force in the State to address issues for which police force is required in a civil society; details be given?

Sanctioning of funds

2022 **Sh. Rakesh Singha (Theog):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state :-

(a) what were the total funds available to PWD Kumarsain during the financial year 2021- 22 under various Heads and how they have been utilized so far for original works and maintenance work separately, state each work separately

under Sub-Division level and the progress made month to month;

(b) provide a list of the contractors working under both the Theog and Kumarsain Divisions of PWD and the works carried out by them so far and also provide a list of works which after accepting the tender have not been executed, have notices been served to them to complete the work; if not, why not; if yes, provide the minutes on which the notices were served; and

(c) how does the PWD plan to utilize the funds available to them for the financial year 2021-22 in both the Divisions of Theog and Kumarsain and what is the plan for the financial year 2022-23; details be given?

Progress Report

2023 **Sh. Rakesh Singha (Theog):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state :-

(a) what is the month wise progress report of each contractors on the NABARD and PMGSY roads in the Theog and Kumarsain Divisions in the financial year 2021-22; provide all details from floating of tender, mode of tender, acceptance of tender and thereafter the progress made; if any, delay on behalf of the Department or the contractors; what steps have been taken to address them; how many works has not taken place for the last three months; how does the Department propose to deal with each case; detail of project-wise be given; and

(b) how many SCCP roads work is being carried out in both the Divisions; what was the funds available and after the funds were exhausted; how much more funds was received to complete the works; details be given; if funds were not received the reasons for the same; are there any provisions or precedents where an Elected Representative can take or has taken the case in the past to the High Court against the Executing Agency for deprivation of the SC population for their full rights as per the Constitutional Requirements; details be given?

ए0सी0सी0 सीमेंट फैक्ट्री में भर्ती

2024 **श्री सुभाष ठाकुर (बिलासपुर)**ः

क्या **उद्योग मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत 3 वर्षों में दिनांक 31.01.2022 तक ए0 सी0 सी0 सीमेंट फैक्ट्री बरमाणा में किस-किस श्रेणी के कितने -कितने पद भरे गए; और

(ख) ये पद किस माध्यम से भरे गए; यदि आउटसोर्स माध्यम से भरे गए तो सर्विस प्रोवाइडर व कर्मचारियों के नाम व पते सहित ब्यौरा दें?

नगर पंचायत / नगरपालिका

2025 **श्री राजेश ठाकुर (गगरेट)**ः

क्या **शहरी विकास मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) नगर पंचायत / नगरपालिकाओं में कितने प्रकार के कर लिए जाते हैं; ब्यौरा कर, नाम व धनराशि सहित दें;

(ख) नगर पंचायत / नगरपालिकाओं में ग्राम पंचायतों की भान्ति बिजली व पानी का बिल दिया जाता है; यदि नहीं, तो कारण; और

(ग) सरकार ग्राम पंचायतों की भान्ति नगर पंचायत / नगरपालिकाओं में भी बिजली व पानी के बिलों को कम दरों पर देने का विचार रखती है; ब्यौरा दें?

MLA fund

2026 **Sh. Harshwardhan Chauhan (Shillai)**:

Will the **Chief Minister** be pleased to state :-

(a) during the last 3 years upto 01.02.2022, how much funds have been sanctioned under MLA fund in Shillai Assembly Constituency; details of each scheme, amount and the work done be given;

(b) details of each sanctioned scheme when they were sanctioned by the Deputy Commissioner, date of sanction received in the BDO Office and the date of starting of work and the latest position of work done be given; and

(c) if there is any delay in work, reasons for it be given?

मल्टी टास्क वर्कर्स

2027 **श्री राम लाल ठाकुर (श्री नैना देवीजी):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में विभिन्न विभागों में मल्टी टास्क वर्कर्स की नियुक्ति हेतु सरकार क्या पग उठा रही है; ब्यौरा दें?

यशपाल शर्मा,
सचिव।